लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1203

25 जुलाई, 2016 को उत्तर के लिए

ग्रीनफील्ड इस्पात परियोजनाएं

1203. श्री रोड़मल नागर:

क्या **इस्पात** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार संघ सरकार और राज्य सरकारों के सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों के मध्य संयुक्त उद्यमों में विशेष प्रयोजन वाहनों की स्थापना द्वारा ग्रीनफील्ड इस्पात परियोजनाओं के विकास की सुविधा प्रदान कर रही है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या इस संबंध में समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित किया गया है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

इस्पात राज्य मंत्री **(श्री विष्णु देव साय)**

(क) और (ख) जी हॉ। स्पेशल पर्पज व्हीकल (एसवीपी) रूट के जरिऐ एकीकृत इस्पात संयंत्रों की स्थापना करने के लिए 4 खनिज सम्पन्न राज्यों अर्थात छत्तीसगढ़, ओडिशा, कर्नाटक और झारखण्ड की पहचान की गई है।

(ग) और (घ) जी हॉ। छत्तीसगढ़ राज्य में स्टील एसपीवी की स्थापना करने के लिए दिनांक 09.05.2015 को तथा झारखण्ड में दिनांक 28.06.2015 को समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया।

***